सराहनीय कार्य

प्रेस नोट

मीडिया सेल, जनपद गोण्डा

दिनांक 04.03.2023

अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को दिये थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त वासिद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 650 ग्राम अवैध गाँजा बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना वजीरगंज में एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

01. वासिद पुत्र असलफ निवासी ग्राम पलटेढी थाना गढी पुख्ता जनपद शामली

पंजीकृत अभियोग-

01. मु०अ०सं० 115/2023 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना वजीरगंज जनपद गोंडा

बरामदगी-

01. 650 ग्राम अवैध गाँजा।

गिरफ्तारकर्ता टीम-

उ0नि0 शिवलखन सिंह मय टीम।

<u>सराहनीय कार्य</u>

<u>प्रेस नोट</u>

<u>मीडिया सेल, जनपद गोण्डा</u>

<u>दिनांक 04.03.2023</u>

<u>कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से जमीन का बैनामा कराने का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार-</u>

पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित/प्रकाश में आये अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को दिये थे।

उक्त निर्देश के क्रम में थाना कोतवाली तरबगंज पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0-327/2022, धारा 419/420/467/468/471/504/506/120बी भादवि0 से सम्बन्धित वाछिंत अभियुक्त अजय कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने अपने सहयोगियों से मिलकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर फर्जी तरीके से जमीन बैनामा करवाया था। जिसके सम्बन्ध में वादी द्वारा थाना को0तरबगंज में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त-</u>

01. अजय कुमार सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम सुसेला थाना तरबगंज जनपद गोण्डा

<u>पंजीकृत अभियोग-</u>

01. मु0अ0सं0- 327/2022, धारा 419/420/467/468/471/504/506/120बी भादवि0 थाना कोतवाली तरबगंज जनपद गोण्डा।

<u>गिरफ्तारकर्ता टीम-</u>

01. उ0नि0 सोम प्रताप सिंह मय टीम।